भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में दिनांक 27 से 01 अक्तटूबर 2014 तक सतर्कता जागरुकता सप्ताह-2014 का आयोजन।

नई दिल्ली, 27 अक्तूबर, 2014 भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण निगमित मुख्यालय एवं अपनी सभी यूनिटों एवं फील्ड स्टेशनों में 27 से 31 अक्तूबर 2014 तक सतर्कता जागरुकता सप्ताह - 2014 का आयोजन कर रहा है। इस सप्ताह के आयोजन का प्रारम्भ दिनांक 27 अक्तबूर 2014 को प्रातः 11 बजे निगमित मुख्यालय में भाविप्रा के अध्यक्ष श्री एस. रहेजा द्वारा सभी बोर्ड सदस्यों तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्रीमती उपमा श्रीवास्तव, आई.ए.एस की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलित कर के तथा सभी कर्मचारियों को शपथ दिलाकर किया गया।

भाविप्रा के अध्यक्ष ने शपथ के बाद कार्मिकों को संबोधित किया तथा सतर्कता जागरुकता सप्ताह के महत्व पर प्रकाश डाला। शपथ दिलाने के बाद भाविप्रा कार्मिकों के लिए भाविप्रा (ईसीडीए)विनियम,2003 से संबंधित भाविप्रा, केन्द्रीय सतर्कता आयोग एवं सतर्कता के मूल सिद्धांतों के बारे में एक क्विज का आयोजन किया गया तथा विजेताओं को उसी समय पुरस्कार वितरित किए गए। सभी ने इस क्विज प्रतियोगिता का भरपूर आनंद उठाया। इस सप्ताह के दौरान सतर्कता विभाग ने सतर्कता जागरुकता सप्ताह - 2014 के प्रत्येक दिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया। इन गतिविधियों में सतर्कता जागरुकता सप्ताह - 2014 के मुख्य विषय पर विख्यात वक्ताओं द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम, एवं कार्य स्थल संबंधी आध्यात्मिक / प्रेरणादायी / नैतिक मुद्दों पर चर्चाओं का आयोजन आदि शामिल है।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत विवरण के लिए कृपया संपर्क करें।

जीएस बावा, म.प्र.(ज.स.) - 9810025069,

011 - 24822787

सं.50/2014-15

श्री सुधीर रहेजा, अध्यक्ष, भाविप्रा सतर्कता जागरुकता सप्ताह - 2014 के अवसर पर भाविप्रा के समस्त कार्मिकों को शपथ दिलाते हुए । मंच पर भाविप्रा के समस्त बोर्ड सदस्य तथा श्रीमती उपमा श्रीवास्तव, आई0ए0एस0, मुख्य सतर्कता अधिकारी भी उपस्थित हैं।

सतर्कता जागरुकता सप्ताह - 2014
भाविप्रा, निगमित मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम

दिनांक	समय	स्थान	कार्यक्रम का व्यौरा
27/10/2014 सोमवार	1040-1050 बजे	'सी' ब्लॉक राजीव गाँधी भवन नई दिल्ली के सामने स्थित सामने स्थित लॉन	सी ब्लाक लॉन में कार्मिकों का उपस्थित होना
	1050-1100 बजे		म.प्र(सतर्कता)द्वारा कार्मिकों का स्वागत
	1100-1105 बजे		दीप प्रज्ज्वलन
	1105-1105 बजे		अध्यक्ष, भाविप्रा द्वारा शपथ दिलाया जाना तथा भाविप्रा में सतर्कता जागरुकता सप्ताह का उद्घाटन (सभी कार्यपालक एवं गैर-कार्यपालक), निगमित मुख्यालय
	1105-1110 बजे		अध्यक्ष द्वारा संबोधन

	1110-1200 बजे		भाविप्रा(ईसीडीए)विनियम,2003 के संबंध में भाविप्रा के बारे में सतर्कता के मूलभूत सिद्धांतों के बारे में क्विज तथा क्विज के विजेताओं को पुरस्कार वितरण।
	1200-1205 बजे		कार्यपालक निदेशक(प्रशासन) द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव
28/10/2014 मंगलवार	1000-1235 बजे	इंडिया इस्लामिक कल्चर सेंटर लोधी रोड	• कार्यस्थल पर नैतिकता पर व्याख्यान • श्री अलेक्जेडर डेनियल, आईपीएस, सेवानिवृत पुलिस महानिदेशक(उ.प्र.) • कार्यपालक निदेशक के (सभी उपमहाप्रबन्धक), निगमत मुख्यालय/क्षेत्रीय मुख्यालय • (चाय ब्रेक-1115-1145 बजे)